श्री सुरभ्यै नमः

पंजीयन क्रं. - 122202431798

# छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति

जागृति मण्डल, गुरू गोविंद सिंह नगर, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

ई-मेल : gausevacg@gmail.com

दिनांक 01-08-2025

सम्माननीय प्राचार्य /संस्था प्रमुख,

सादर अभिवादन

गौवंश न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है अपितु उसका पर्याप्त वैज्ञानिक आधार भी है। हमारे स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए गौवंश अत्यंत आवश्यक है।यदि गोवंश नहीं रहेगा तो सृष्टि भी समाप्त हो जाएगी। गौवंश का हमारे जीवन में महत्व ना जान पाने के कारण समाज गौसेवा एवं गौपालन से विमुख हो रहा है जिसके कारण गौवंश सड़कों पर आ गया है । प्रतिदिन दुर्घटनाएं घट रही है जिसमें गौवंश के साथ-साथ इंसानों की भी क्षति हो रही है। दिनों दिन यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है और समाज अपने दायित्व से विमुख होकर सिर्फ सरकार की ओर ताक रहा है।

इस समस्या का मूल कारण समाज में गौवंश के संबंध में अज्ञानता ही है। जिस दिन लोग गौवंश का वास्तविक महत्व जान जाएंगे उसी दिन से गोवंश सड़कों से पुनः घरों की ओर लौट जाएगी। गौवंश का हमारे जीवन में महत्व, सृष्टि के पारिस्थितिक तंत्र हेतु महत्व, ग्लोबल वार्मिंग रोकने व्यापक महत्व सहित उसके पंचगव्य का व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं सभी को उसका दायित्व बोध कराने हमारी संस्था द्वारा गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। विगत वर्ष भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें आप सभी का भरपूर सहयोग हमें प्राप्त हुआ। इस वर्ष पुनः आगामी 04 नवंबर 2025 को यह परीक्षा पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित की जाएगी। गौवंश की चिंता सरकार के साथ-साथ समाज को भी करने की आवश्यकता है और यह हम सब का नैतिक दायित्व है। इस पुनीत कार्य हेतु हम आपके पूर्ण सहयोग सहित संपूर्ण समर्पण की प्रार्थना करते हैं....

**सुबोध राठी**
**प्रदेश अध्यक्ष**